दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 116 मुरादाबाद 22 August 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी आदित्यनाथ के शिक्षा सलाहकार नामित हुए यूजीसी के पूर्व चेयरमैन प्रो. धीरेन्द्र पाल सिंह



लखनऊ- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में अपने दूसरे कार्यकाल में सलाहकार की सूची भी मजबूत करते जा रहे हैं। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी सहित तीन वश्वविद्यालयों कुलपति रह चुके यूजीसी के पूर्व चेयरमैन प्रोफेसर धीरेन्द्र पाल सिंह को सीएम योगी आदित्यनाथ का शिक्षा सलाहकार नामित किया गया है।प्रोफेसर धीरेन्द्र पाल सिंह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन समित के पदेन सदस्य भी रह थे। इसके साथ ही उनको शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान के लिए कई राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की साक्षरता दर को ऊंचा उठाने के प्रयास में लगे हैं। इसी क्रम में वह प्राइमरी, बेसिक तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के साथ अब उच्च शिक्षा विभाग का कलेवर भी बदलना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को नई ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया हैउत्तर प्रदेश शासन की ओर से प्रख्यात शिक्षाविद प्रो धीरेन्द्र पाल सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शिक्षा सलाहकार नामित किया गया है। इस बाबत नियोजन विभाग के सचिव आलोक कुमार की ओर से इस पत्र जारी कर दिया गया है। प्रोफेसर डीपी सिंह 2018 से 2021 तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के चेयरमैन रह चुके हैं। लगभग चार दशक के करियर में उन्होंने भारतीय उच्च शिक्षा में कई अकादमिक संस्थाओं का नेतृत्व किया। कुलपति के रूप में प्रोफेसर सिंह ने तीन विश्वविद्यालयों में कार्यभार संभाला। जिसमें बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी, डॉ एच एस गौर विश्वविद्यालय, सागर और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर हैं। इनके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) का निदेशक के रूप में नेतृत्व किया है। प्रो. सिंह ने केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (सीएबीसी), भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आइसीसीआर), यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग, (आरयूएसए) तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की कार्यान्वयन समिति आदि के पदेन सदस्य के रूप में योगदान दिया है। इसके अलावा अध्यक्ष के रूप में, यूजीसी के शासी परिषदों के अध्यक्ष के रूप में 8 अंतर-विश्वविद्यालय केंद्रों का मार्गदर्शन भी किया। प्रो. डीपी सिंह को अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों और परियोजनाओं का भी गहरा अनुभव है। इनको पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार, दशक के पर्यावरणविद् (पूर्वांचल) पुरस्कार, भारत ज्योति पुरस्कार, यूपी रत्न पुरस्कार, आगरा विश्वविद्यालय गौरव श्री पुरस्कार, राजा बलवंत सिंह शिक्षा सम्मान, राष्ट्र निर्माता पुरस्कार जैसे कई सम्मान और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

## सीएम योगी ने कल्याण सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण, बोले-बाबू ने रखी थी सुशासन की नींव



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रथम पुण्य तिथि पर सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान में लगी उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन थियेटर ब्लाक का भी लोकार्पण किया। सीएम योगी ने कैंसर संस्थान का नाम वर्ष 2021 में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्व. कल्याण सिंह को युग पुरुष भी बताया और विनम्र श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने कहा कि वह अपने जीवन में सदैव जनहित को ही वरीयता देते रहे। गरीब, किसान, मजदूर तथा पीड़ित की मदद के लिए सदैव आगे रहने वाले स्वर्गीय बाबू जी का सपना हम मिलकर पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबूजी ने सुशासन की नींव रखी थी। बाबूजी की कार्य पद्धति निर्णायक साबित हुई। अब यहां कैंसर के मरीजों का इलाज हो सकेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व दयाशंकर सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह के साथ ही केन्द्र सरकार में मंत्री कौशल किशोर तथा स्वर्गीय कल्याण सिंह के पुत्र एटा के सांसद राजवीर सिंह ने स्वर्गीय कल्याण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया।

## अरविंद केजरीवाल ने लोअर कोर्ट के आदेश को दी चुनौती, यूपी सरकार को नोटिस




उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के औरंगाबाद में 8 साल पहले भाजपा और कांग्रेस पर अभद्र टिप्पणी पर दर्ज मुकदमे से उन्मोचित करने वाली याचिका लोअर कोर्ट से खारिज होने के आदेश को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सेशन कोर्ट में चुनौती दी है। सेशन कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को नोटिस जारी की है। केजरीवाल के अधिवक्ता रूद्र प्रताप सिंह मदन ने बताया कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के औरंगाबाद में एक जनसभा के दौरान अरविंद केजरीवाल पर भाजपा और कांग्रेस के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें उन्होंने चुनावी सभा के दौरान किए गए कथन को संवैधानिक अधिकार बताते हुए लोअर कोर्ट से मुकदमा समाप्त करने की मांग की थी। एमपी / एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने बीते चार अगस्त को केजरीवाल की उन्मोचन अर्जी खारिज कर दी थी। आदेश से क्षुब्ध अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को सेशन कोर्ट में निगरानी याचिका दाखिल कर उसे चुनौती दी है। प्रभारी सेशन जज राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए छह सितंबर की तारीख नियत की है। इससे पूर्व लोअर कोर्ट ने गुरुवार को अरविंद केजरीवाल पर आरोप तय करने के लिए उन्हें कोर्ट में 27 अगस्त को हाजिर रहने को भी कहा था।

## श्रीकांत त्यागी के पक्ष में नोएडा में त्यागी समाज की महापंचायत खत्म, DM को सौंपा 14 सूत्रीय ज्ञापन, मांगें पूरी करने को दी 15 दिन की मोहलत

नोएडा के सेक्टर 93बी स्थित ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में एक महिला से अभद्रता करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए नेता श्रीकांत त्यागी के पक्ष में रविवार को हुई त्यागी समाज की %महापंचायत% शांतिपूर्ण तरीके से खत्म हो गई। इस दौरान ने त्यागी समाज ने नोएडा के डीएम को अपनी मांगों से संबंधित एक 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। समाज ने मांगें पूरी करने के लिए दी 15 दिन की मोहलत दी है। जानकारी के अनुसार, गेझा गांव के रामलीला मैदान में सुबह 11 बजे शुरू हुई महापंचायत सवा 3 बजे संपन्न हो गई। संयुक्त त्यागी स्वाभिमान मोर्चा ने डीएम को 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। इसमें श्रीकांत त्यागी से गैंगस्टर हटाने, गाड़ियां वापस करने, छह लड़कों से मुकदमा खत्म करने, अनु त्यागी को कस्टडी में लेने वाले पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने, फ्लैट के बाहर तोड़े गए निर्माण को दोबारा बनवाने, सांसद महेश शर्मा को निष्कासित करने की मांग की गई है। इसके लिए पंचायत ने प्रशासन को 15 दिन का वक्त दिया है। इस महापंचायत में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों जैसे गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ से समुदाय के लोग बड़ी संख्या में इसमें शामिल हुए। नेता बताकर सब पर रौब झाड़ता था, लेकिन उसकी करतूत का वीडियो वायरल होने के बाद पार्टी ने उससे पल्ला झाड़ते हुए उसके साथ कोई भी संबंध होने से इनकार किया था।

# युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वाधान में खंड स्तरीय खेलकूद का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वाधान में खंड स्तरीय खेलकूद का आयोजन विकासखंड गिलौला के अंतर्गत ओम मानस इंटर कॉलेज भिठिया मे खेलकूद का अयोजन किया गया जिस के मुख्य अतिथ प्रधानाचार्य विद्यालय के हरि ओम रहे इस एक कार्यक्रम क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी गिलौला अतुल कुमार के नेतृत्व में कराया गया इस मौके पर ब्लॉक कमांडर जमुनहा बाबूराम पाठक शिव कुमार वर्मा राधेश्याम विश्वकर्मा एवं विद्यालय के बच्चे व शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे दौड़ 100 मीटर में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रेशमा पाल द्वितीय स्थान अमिता तृतीय स्थान सुंदरी ने प्राप्त किया। तथा बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान घनश्याम द्वितीय चरण सत्य प्रकाश तृतीय स्थान गौरव 400 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम स्थान संदीप कुमार द्वितीय स्थान सत्य प्रकाश तृतीय स्थान सूरज स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सरिता स्थान द्वितीय स्थान रेशमा सुधा तृतीय स्थान कबड्डी प्रथम स्थान भिठीया और द्वितीय स्थान इटवरिया वालीबाल में प्रथम स्थान धुसवा द्वितीय स्थान कटरा बहादुरगंज लंबी कूद ऊंची कूद अन्य विधाओं के कार्यक्रम भी कराए गए इस संबंध में प्रधानाचार्य हरि ओम मिश्रा बच्चों से बताया कि खेलकूद से आदमी स्वस्थ रहता है और शिक्षा के साथ खेलकूद जरूरी है जिससे मानसिक और बौद्धिक विकास होते हैं कुछ समय निकालकर खेलकूद करना चाहिए क्योंकि सरकार द्वारा प्रत्येक गांव पंचायत में खेल मैदान का चयन किया गया है और अच्छे खिलाड़ियों के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर खेल सामग्री का भी व्यवस्था किया गया है इसलिए सरकार की मंशा रूप ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभा को निखारने के लिए सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत खेलकूद कराने का योजना बना है खेलकूद के बाद प्रतिभाग करने वाले बिजयी बच्चों को पुरस्कार वितरण क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी व प्रधानाचार्य विद्यालय के द्वारा किया गया।

# थाना खुटार से 0.5 Km की दूरी पर घटित मारपीट की घटना

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- मोहल्ला निकट मिडिल स्कूल कस्बा व थाना खुटार में रहने वाली पलक शुक्ला पुत्री श्री प्रदीप शुक्ला ने बताया कि प्रार्थी के पिता एक ट्रक ड्राइवर है कल दिन शनिवार 20/08/2022 को समय रात 9 बजे प्रार्थिनी के पिता पलिया से घर आए थे, जैसे ही बाहर गेट पर आए और किसी के फोन आने पर बात करने लगे इतने में पड़ोस में रहने वाला युसूफ पुत्र नामालूम आया और गेट पर खड़े होने की बात पर यूसुफ ने मेरे पिता को धक्का देकर घर के अंदर धकेल दिया वह घर में घुसकर उन्हें लाठी-डंडों से काफी मारा-पीटा इतने में यूसुफ के दो लड़के नाम नामालूम भी मेरे घर के अंदर आकर मेरे पिता के साथ मारपीट गाली-गलौज करने लगे और फिर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए तहरीर थाना पर दी गई है,पुलिस ने भा. द.स. अधिनियम के अन्तर्गत धारा 323,504,506,452 के तहत मुकदमा एफआईआर दर्ज कर ली है लेकिन इस संबंध में पुलिस ने अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी करना उचित नही समझा,जिससे अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं,खबर लिखे जाने तक पुलिस ने सम्बन्धित प्रकड़न से सम्बन्धित किसी भी अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया है जिससे पीड़ित पक्ष काफी डरा व सहमा हुआ है।

# सिहुरा वीट में कटे कीमती पेड़, वनकर्मी

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



शाहजहांपुर- कहाँ से आये कोरों के 94 बोटें मैलानी आरा मशीन पर पकड़े गए 94 कोरों के बोटें कही सिहुरा कम्पार्टमेन्ट नंबर 3 के तो नही, 2 से 3 माह पहले सिहुरा बीट से काटे गए जंगल से आधा दर्जन पेड़, अधिकारी बोले जंगल से हुआ निगम का कटान, नही हुई थी सिहुरा में पेडों के कटान की जांच, सिहुरा में दसों सालों से तैनात एक वन कर्मी को बचाने में मामले को किया गया था, रफा-दफा, जांच में और कई पर गिर सकती है , सिहुरा वीट में काटे गये आधा दर्जन पेड़ो के कुछ अवशेषों के 2 माह पुराने फोटो, आखिर क्यों नहीं हुई थी सिहुरा में आधा दर्जन पेड़ कटान की जांच।

# सहकार भारती देवी पाटन मण्डल के विभाग संयोजक ने श्रावस्ती का किया भर्मण



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार देवीपाटन मण्डल के विभाग संयोजक रवि प्रताप सिंह व विभाग सह संयोजक संजय कुमार ने श्रावस्ती के ब्लाक जमुनहा के पटना में सहकार भारती जिलाध्यक्ष प्रहलाद सिंह के आवास पर एक समीक्षा बैठक की बैठक के माध्यम से विभाग संयोजक ने सहकार भारती के श्रावस्ती कार्यकर्ताओं से लोगो को जोड़ने की अपील की तथा सहकार भारती से क्षेत्र में होने वाले विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी विभाग संयोजक ने बताया कि सहकार भारती का मूल मंत्र है( बिना सहकार नही संस्कार, बिना संस्कार नही उद्दार ) तथा विभाग सहसंयोजक ने बताया कि सहकार भारती का मुख्य उद्देश्य है कि पन्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति को स्वालम्बन बनाना है जैसे कि स्वयं सहायता समूह, व पैक्स,विपड़न,स्वास्थ्यआदि समुहि से जोड़कर स्वालम्बन बनाना जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी को खत्म किया जा सके बैठक में जिलाध्यक्ष प्रहलाद सिंह,जिला मीडिया प्रभारी रामू हिंदुस्तानी उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, पैक्स प्रकोष्ठ के प्रमुख प्रदोष सिंह,कमलेश सिंह,जिलाउपाध्यक्ष सन्तोष वर्मा, प्रमोद कुमार सिंह,संजय सोनी,देवेंद्र सिंह,हरिराम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोटरसाइकिल की रेस कर रहे दो मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत आकार गांव के निवासी रिजवान पुत्र पुत्तन खान आयु 20 वर्ष ,व इरफान पुत्र छोटकऊ14 वर्ष, दो युवक आपस में गाड़ी की रेस कर रहे थे जिससे गाड़ी की रेस काफी होने के कारण अनियंत्रित हो गई और आपस में भिड़कर सड़क पर गिर गए दोनों को गंभीर चोटें आई हैं उन्हे एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर लाया गया है जहां पर इलाज चल रहा है हालत नाजुक बताई जा रही है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मछली मारने नहर में गए युवक की डूबकर मौत



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनवरिया दीवान मजरा अजनट पुरवा के निवसी जाबिर यक्षउर्फ वैद्ये पुत्र महमूद आयु 40 वर्ष आज सुबह ९ः00 बजे मछली मारने के लिए सरयू नहर में गए थे वहीं पर जाल लगा रहे थे

जाल लगाते समय अधिक पानी में चले गए और वहीं पर उनकी डूबकर मौत होगी जिसकी सूचना कुछ अन्य साथी ने आकर परिजनों को दिया और परिजन मौके पर पहुंच कर शव को निकाल कर बाहर किया इसके बाद स्थानीय थाना मल्हीपुर पुलिस को सूचना दी घटनास्थल पर मल्हीपुर की पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है इस संबंध में कमरुल पत्नी जाविर ने थाना मल्हीपुर में तहरीर दिया है पुलिस जांच में जुटी है पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन से जानकारी लेने पर बताया गया कि पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा जा रहा है और पोस्टमास्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी

# वैष्णो मेक ओवर महानगर मुरादाबाद में पहली बार 3 महीने पूर्व 5 दिन की फ्री मास्टर क्लासेस चलाई गई

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद-वैष्णो मेक ओवर महानगर मुरादाबाद में पहली बार 3 महीने पूर्व 5 दिन की फ्री मास्टर क्लासेस चलाई गई थी जिसका क्लासेस मैं आने वाले स्टूडेंट को काफी अच्छा लगा और बहुत कुछ सीखने को भी उन्हें मिला मेकओवर की बढ़ती लोकप्रियता के चलते एक बार वैष्णो मेकओवर की संचालिका विमला सक्सेना की बेटी कामना सक्सेना केद्वारा 5 दिन की क्लासेस शुरू की गई है जिसमें आने वाले स्टूडेंट को कलर व्हील थियोरी एवं 3 एडवांस हेयर स्टाइल एवं मेकअप डेमोंसट्रेशन और अंतिम दिन सर्टिफिकेट का वितरण किया जाएगा मेकओवर के संचालिका ने बताया की वैष्णो मेकओवर द्वारा पांच दिन की मास्टर क्लासेस दिनांक 20 8 2022 प्रारंभ हुई है जिसका आज दूसरा दिन है जिसमें 5 दिन के मास्टर क्लासेस में मुख्य आकर्षण पहले दिन कलर व्हील थ्योरी क्लासेस दी गई आज दिनांक 21 8 2022 दूसरे दिन स्किन थ्योरी तीसरे दिन हेयर थ्योरी एवं 3 एडवांस हेयर स्टाइल चौथे दिन मेकअप डेमोंसट्रेशन पांचवें दिन सर्टिफिकेट वितरण किए जाएंगे और आप सबको जानकर हर्ष होगा वैष्णो मेकओवर की दूसरी ब्रांच चौमुखा पुल दिनदार पुरा जे आर अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज के बराबर मैं खुल चुकी है मुरादाबाद मैं पहली बार वैष्णो मेकओवर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए एक सुनहरा अवसर दिया जा रहा है जिसने केवल ?25000 में फुल कोर्स 1 महीने में सिखाया जाएगा जिसने हेयर्स मेकअप और थ्योरी दी जाएगी अधिक जानकारी के लिए हमारी इंस्टा आईडी वैष्णो मेकओवर

# Rakesh Tikait को पुलिस हिरासत में लिए जाने के विरोध में मुरादाबाद में भी किसानों ने थानों का किया घेराव



मुरादाबाद- भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को गाजीपुर बार्डर पर रोककर थाने में बैठा लेने से गुस्सा किसान थानों में पहुंच गए। उन्होंने थानों का घेराव करके धरना दिया और नारेबाजी की। टिकैत के थाने से बाहर आने की सूचना पर किसान शांत हुए और थानों से लौट आए। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। रविवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को दिल्ली जाते समय पुलिस ने गाजीपुर बार्डर थाने में बैठा लिया। इससे भाकियू के कार्यकर्ता भड़क गए। उन्होंने जिले के कई थानों का घेराव करके सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। थाना कांठ और छजलैट का घेराव करके भाकियू कार्यकर्ताओं ने अंदर ही धरना-प्रदर्शन किया। भाकियू के प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव. प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषि पाल सिंह, जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, सत्यवीर सिंह मान, चौधरी विजय पाल सिंह, नवनीत विश्नोई, समर पाल सिंह, राहुल चौधरी, राम कैलाश, दीपक मलिक, वीर सिंह, हरदीप सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आदि आंदोलन में उपस्थित रहे। बिलारी में भी भाकियू कार्यकर्ताओं ने राकेश टिकैत को थाने में बैठाने का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने विरोध कोतवाली बिलारी में ही दरी बिछा दी और धरने पर बैठ गए। आंदोलन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और सरकार पर किसानों की आवाज को दबाने का आरोप लगाया। भाकियू कार्यकर्ताओं का कहना था कि राष्ट्रीय आह्वान पर हमारा आंदोलन जारी रहेगा। धरने पर जयवीर सिंह, भानु प्रताप सिंह यादव, रनवीर सिंह यादव, उदय पाल सिंह, भयराज सिंह, खिलेंद्र सिंह, रहीस पाल यादव, विशंभर यादव,महेश कुमार यादव आदि बहुत से किसान बैठे थे। जिला प्रवक्ता जयवीर सिंह का कहना है कि सरकार भाकियू नेता राकेश टिकैत की आवाज दबाना चाहती है। उन्हें गाजीपुर बार्डर पर रोककर थाने में बैठा लिया गया है। यह कहां का कानून है। इसी तरह मूंढापांडे और कुंदरकी थाने का भी भाकियू कार्यकर्ताओं ने घेराव करके सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता के थाने से बाहर आने के बाद कार्यकर्ता शांत हुए।

# CM Yogi Adityanath का सिर काटने पर दो करोड़ का इनाम, पुलिस का फर्जी फेसबुक पेज बनाकर दी धमकी



मुरादाबाद जिले में पुलिस का फर्जी फेसबुक भेज बनाकर सीएम योगी आदित्यनाथ का सिर काटने पर दो करोड़ रुपये इनाम देने की पोस्ट की गई। आरएसएस से जुड़ी एक महिला कार्यकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। उच्चाधिकारियों के आदेश पर साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हरथला चौकी प्रभारी मतीन अहमद की तहरीर पर सिविल लाइंस थाने में मुकदमा लिखा गया है। दरअसल, आरएसएस से जुड़ी आयुषी माहेश्वरी ने पुलिस को ट्विटर पर टैग करते हुए मामले की जानकारी दी।

इसमें उन्होंने मुरादाबाद पुलिस के नाम से बने एक फर्जी फेसबुक पेज से की गई पोस्ट का जिक्र किया जिसमें सीएम योगी को मारने पर इनाम देने की घोषणा की गई थी। आत्मप्रकाश पंडित नाम के यूजर द्वारा बनाए गए इस फेसबुक पेज के कवर फोटो पर डीएम मुरादाबाद शैलेंद्र कुमार सिंह की तस्वीर है। इसी फेसबुक पेज की दूसरी पोस्ट में पाकिस्तान का झंडा लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो के साथ पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की भी तस्वीर है। सीएम योगी का सिर काटने पर दो करोड़ का इनाम देने की बात लिखी गई है। साथ ही सीएम योगी के लिए अपशब्द का भी इस्तेमाल किया गया है। वहीं फेसबुक अकाउंट बनाने वाले युवक आत्मप्रकाश पंडित ने पुलिस के पास पहुंचकर फेसबुक अकाउंट हैक किए जाने की जानकारी देते हुए जांच की मांग की। कहा कि उसका फेसबुक पेज किसी द्वारा चलाया जा रहा है। इस मामले में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जिस व?यक्ति का फेसबुक पेज है, उसने सामने आकर मामले की शिकायत की है। इसकी भी जांच की जा रही है कि फेसबुक पेज कहां से चलाया जा रहा था।

# परीक्षा छूटते ही स्टेशन रोड पर लगा जाम

मुरादाबाद-परीक्षा छूटते ही स्टेशन रोड पर भीषण जाम लग गया। इससे परीक्षार्थियों के अलावा आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि पहले से अलर्ट ट्रैफिक पुलिस तत्काल एक्शन में आ गई। उसने कुछ देर की कवायद के बाद यातायात सामान्य कर दिया। इसके बाद जाम में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली। रविवार होने के कारण सड़कों पर ज्यादा भीड़ नहीं थी। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस काफी समय पहले से शहर में जाम न लगे इसके लिए होमवर्क भी कर रही थी। इसी का परिणाम यह रहा कि रविवार को शहर में अन्य परीक्षाओं की तरह भीषण जाम का नजारा देखने को नहीं मिला।

# कटघर में साहूकार ने किया युवती से दुष्कर्म, मुकदमा

मुरादाबाद-कटघर थाना क्षेत्र में ब्याज के पैसे लेने गए साहूकार ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। विरोध करने पर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कटघर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। कटघर थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व जरूरी काम के चलते साहूकार शुभम गोयल पुत्र रवींद्र गोयल निवासी लंका बाग गोविंद नगर थाना कटघर से सत्तर हजार रुपये ब्याज पर लिए थे। कुछ समय तक ब्याज देते रहे। परिवार की आर्थिक स्थित खराब होने पर ब्याज नहीं दे सके। इस पर साहूकार शुभम गोयल ने ब्याज लगाकर पैसा सत्तर हजार की जगह दो लाख रुपये से अधिक कर दिया। दो लाख रुपये पर ब्याज देने के लिए दबाव बनाने लगे। पीड़िता ने बताया कि शुभम गोयल को परिवार की आर्थिक स्थित ठीक न होने व सत्तर हजार की जगह दो लाख रुपये पर ब्याज नहीं लगाने की गुहार लगाई। इसके बाद भी शुभम गोयल बात सुनने के लिए तैयार नहीं हुए। पिछले दिनों वह पैसे लेने के लिए घर आ गए। अकेला पाकर शुभम गोयल ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। इंस्पेक्टर कटघर मनीष सक्सेना ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Twenty million cheat!

Of course, on August 15, Independence Day, Prime Minister Modi did not give any gift of the scheme to the country, but Bihar's Sanatan Chief Minister Nitish Kumar has certainly promised 20 lakh jobs at the historic Gandhi Maidan. In the election campaign, RJD leader and now Deputy Chief Minister Tejashwi Yadav had tried to focus the election on employment by raising the issue of 10 lakh jobs. Since today these two leaders are together again in the government, the number of jobs has been doubled. What is the accountability? Indian leaders are adept at making announcements and giving assurances. Nitish had raised questions during the election campaign that from where will the money for 10 lakh jobs come? Will it drip from above? Or give fake notes? Or will you bring the money from jail? Today these same questions are in front of Nitish and he should be asked again and again that what is the blue print of 20 lakh jobs? The accountability lies with them, because we live in a democracy. On what basis has the promise of 20 lakh jobs been served? Bihar is one of the poorest and backward states of the country. There are more than 38 lakh youth and eligible people unemployed. About 76 percent of the people of the state are engaged in agriculture and allied activities. The average holding area of ??the land is 0.39 hectares, so 164 million land holdings are unprofitable. There are about 1.83 crore Bihari landless labourers. The per capita income is also the lowest in the country. About 52 percent of the people in Bihar are poor or below the poverty line, according to NITI Aayog's assessment. Prima facie the promise of Nitish Kumar seems to be only a hoax. Now the Chief Minister should disclose to the rest of the nation or Bihar itself that which are those industries and corporate companies, which are established in Bihar and can provide jobs on a large scale? The posts of 2.75 lakh teachers are vacant in Bihar's schools alone, perhaps that is why the education system is in a dilapidated condition. 66% posts of doctors in sub-divisional hospitals and 36% in district hospitals are vacant. Maybe that's why pigs and dogs rule in hospitals! The Corona-period has been proof of this. Nitish was still the chief minister of the state. There are more than 30,000 vacancies in the police department. The unemployment rate in Bihar is 18.8 percent, which is the fourth highest in the country. The highest unemployment rate is in Haryana at about 27 percent. The people of Bihar should ask the Chief Minister more or less this question that if you have been the Chief Minister for 17 consecutive years, then why is the state in this state? You repeatedly throw the ball in the court of the Center that Bihar was not given special status.the people of Bihar? It is worth mentioning that in 15 years of Lalu Raj, about 95,000 and more than 6 lakh government jobs were given in 15 years of Nitish period. That is, during the 30 years of power, only 7 lakh jobs were given, so how will the arrangement of 20 lakh jobs by 2025? The public has a right to know. In Bihar itself, about 7 lakh posts are vacant in railway, defense and home departments. If the Bihar government will count the central quota jobs in its quota, it will be wrong and the public will be misled one more time.


# Mahesh Babu flaunted abs in the swimming pool, fans said - 'See shirtless for the first time'

Superstar Mahesh Babu is an actor of Telugu cinema. He is counted among the good looking actors. These days she is busy with director Trivikram Srinivas's film. The name of this film is not decided yet. It stars Pooja Hegde with Mahesh Babu. Fans are waiting for this film of his. Meanwhile, there is another gift for the fans of Mahesh Babu. His wife Namrata Shirodkar shared a picture of Mahesh Babu in which he is seen shirtless. Mahesh Babu seen shirtless - Mahesh Babu is in the swimming pool. He is flaunting his abs. Mahesh Babu is seen chilling in the pool. These pictures of him are enough to make female fans sleepless. It can be seen in the pictures that he is flaunting his fit body. There is a private pool in Mahesh Babu's house, where he spends time with both the kids on weekends. Namrata Shirodkar has shared two pictures of Mahesh Babu. With this, he wrote in the caption- 'Some Saturday mornings happen like this. Comments of fans- These pictures of Mahesh Babu are viral on social media. Actress Shilpa Shirodkar wrote on Namrata Shirodkar's post - 'Uff, too much.' One user wrote, 'Mahesh babu six pack loading.' One user said, 'First time I have seen him without a shirt.' Another user said. wrote, 'Freaking babu.' One said, 'I am seeing shirtless for the first time. Nazar Na Lage, Fitness Ka Baap' Upcoming Movies - On the work front, Mahesh Babu will soon be shooting for director Trivekram's film. The film will hit theaters in April 2023. Apart from this, he has a film by SS Rajamouli.




# Kamal Rashid Khan changed his name, said - now I will replace 'Khan' with 'Kumar'

Self-claim critic Kamal Rashid Khan has changed his name to Kamal Rashid Kumar on Twitter. Kamal Rashid Khan remains in the headlines due to the reviews of films and his controversial statements. He wrote in a tweet, 'Today I have decided to remove 'Khan' from my name and add my wife's surname Kumar. My wife's name is Anita Kumar. So now my name will be Kamal Rashid Kumar. People are asking the reason for changing the name – Kamal Rashid Khan has not given the reason for doing so. On social media, people are asking the reason for doing so. One user wrote in the comment section, 'But why? And what will happen with it.' Another person commented, 'Let's start the legal process of changing the name now.' Similarly, many people have also supported him to do so. Kamal has been a part of Bigg Boss - Let us tell you that Kamal Rashid Khan has been a part of the reality TV show Bigg Boss. He also acted in some films which flopped badly. After this, Kamal Rashid Khan started abusing Bollywood stars through microblogging site Twitter, after which his Twitter handle was suspended. We review films on YouTube- Although later Kamal Rashid Khan created another handle and now he refrains from using abusive words. Let us tell you that Kamal Rashid Khan reviews every new film. For this, he has also maintained a YouTube channel and a separate Twitter handle. Although he speaks negatively about most of the films.



**आवश्यकता है** उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## उत्तर प्रदेश ने नेशनल पंजा में 10गोल्ड,8सिल्वर और 7ब्रोंज मेडल लिए



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आगरा। राष्ट्रीय पंजा कुश्ती में उत्तर प्रदेश का परचम लहराया उत्तर प्रदेश ने नेशनल पंजा में 10गोल्ड,8सिल्वर और 7ब्रोंज मेडल लिए । कप्तान पुरुष धर्मेंद्र भाटी व महिला uma फोजदार के अनुसार विजेताओं में साक्षी बुलंदशहर गोल्ड मेडल गोपाल चौधरी सिल्वर मेडल,सचिन सिल्वर मेडल,शैलेंद्र गोल्ड मेडल,सुहानी तोमर सिल्वर मेडल,पलक मलिक गोल्ड मेडल , दिविक गुप्ता सिल्वर मेडल,गगन गुप्ता सिल्वर मेडल, विकास गोल्ड मेडल,सत्येंद्रे श्वरी किरण गोल्ड मेडल , सौरव सिल्वर मेडल,शशि प्रभा ब्रॉन्ज मेडल,रेखा राजपूत ब्रोंज मेडल ,पूर्णिमा सिंह ब्रोंज मेडल ,युवानंशी श्रीवास्तव गोल्ड मेडल, दामिनी सिल्वर मेडल ,खुशी सिल्वर मेडल, अनुभव ब्रोंज मेडल,शिव प्रकाश पांडे , केशव पाठक गोल्ड मेडल , कनिष्का मीणा गोल्ड मेडल, स्वाति नगर गोल्ड मेडल,प्रसन्ना सिल्वर मेडल , महविश सिल्वर मेडल हैं। उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के महा सचिव वी पी सिंह को उप महासचिव शंकर देव तिवारी और ओडिटर वी के गुप्ता के साथ कोषाध्यक्ष अरुण बघेल ने राष्ट्रीय पंजा में अच्छा प्रदर्शन कर 25मेडल जीतने पर बधाई दी है । उन्होंने कप्तान धर्मेंद्र भाटी व उमा फौजदार को भी बधाई दी है । श्री नगर में खेली गई तीन दिनों की प्रतियोगिता मैं एक दिन रास्ता बंद होने से बाधा पड़ी थी ।

## अमन कमेटी बरेली ने शोभा यात्रा में एक कैम्प लगाकर पुष्प वर्षा मिठाई वितरण किया





तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- अमन कमेटी बरेली ने शोभा यात्रा में एक कैम्प लगाकर पुष्प वर्षा मिठाई वितरण किया कैम्प का शुभारंभ एएसपी जनाब शाद मियां खान आईपीएस ने किया इस कार्यक्रम के एसपी सिटी श्री रविन्द्र कुमार सिंह और एडीएम सिटी श्री पांडे जी रहे मुस्लिम समाज ने शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा मिठाई वितरण किया प्रदेश सचिव नदीम इकबाल ने बताया की अमन कमेटी हर वर्ष शोभा यात्रा का स्वागत एवम पुष्वर्षा करती है

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी व प्रदेश सचिव नदीम इकबाल अच्छन अंसारी एडवोकेट, डा हाशिम अंसारी,सुहेब शमशी,, वसीम अकरम, ज़ुबैर,अनस, हसीन पप्पू, नोएल मैसी, मोनू खान, मो,नबी, दिनेश बाजपई, मनोज भारती और डा कदीर अहमद प्रदेश अध्यक्ष अमन कमेटी बरेली मौजूद रहे

## गंजडुंडवारा में सपा का सदस्यता अभियान का हुआ शुभारम्भ



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद कासगंज के विधानसभा पटियाली के गंजडुंडवारा क़स्बा के सपा कैंप कार्यालय पर आज दिनांक 21अगस्त समय 11=00 बजे से सदस्यता अभियान चलाया गया

जिसकी अध्यक्षता पूर्व एमएलसी असीम यादव ने सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया और इस मौके सपा जिलाध्यक्ष देवेंद्रसिंह यादव व पूर्व एमएलसी असीम यादव ने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी लोग प्रत्येक बूथ पर पहुंच कर अधिक से अधिक सदस्य बनाएं जिससे समाजवादी पार्टी को मजबूत हो वही सपा विधायक नादिर सुल्तान पूर्व ब्लाक प्रमुख ब्रिजेन्द्र पालीवाल व सपा के राष्ट्रीय प्रभक्ता अब्दुल हाफिज गांधी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया इस मौके पर हजारों की संख्या में सपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## कंप्यूटर डिप्लोमा पाकर लगे भविष्य के सपनो को पंख



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज।अनुभूति सेवा समिति द्वारा संचालित एन.सी.पी.यू.एल. और नियलिट ( डोयेक सोसायटी )ने एक वर्षीय डिप्लोमा में सफल रहे छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किये। अनुभूति प्रगति एवं परिवर्तन केंद्र, सिढ़पुरा पर आयोजित समारोह में समिति के प्रेरणास्रोत आई.जी. अंशुमान यादव ने सभी सफल छात्रों को सर्टिफिकेट वितरित कर उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना कर दी शुभकामनाएं।

एक वर्षीय डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन, बिजनेस अकाउंटिंग एंड मल्टीलैंग्वेज डीटीपी कोर्स में सेंटर टॉप कर प्रथम स्थान कु. रागिनी,द्वितीय स्थान कु. वैष्णवी और तृतीय स्थान कु. खुश्बू ने प्राप्त किया। डिप्लोमा वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कमिश्नर जीएसटी मोहित गुप्ता ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को कामयाब जिंदगी के मूलमंत्र बताए। इस मौके पर समिति की संरक्षक किरण यादव ने कहा- आज का दौर कंप्यूटर पर चल रहा है। यह अनुभूति नियलिट, भारत सरकार का डिप्लोमा पटियाली तहसील के पिछड़े व ग्रामीण क्षेत्र के सफल छात्र-छात्राओं को सरकार, प्राइवेट तथा स्वरोजगार के द्वार खोलेगा। इस डिप्लोमा कोर्स में इंटरनेट अकाउंटिंग टेली ईआरपी-9,फोटोशॉप, कोरल ड्रा,सी-प्लस लैंगुएज,इन पेज,वेब डिज़ाइनिंग तथा डीटीपी आदि है। समारोह के आखिर में सुपरिटेंट कस्टम ऑफिसर सुधीर त्यागी ने मुख्य अतिथि व समारोह में उपस्थित सभी गणमान लोगों का शुक्रिया अदा किया।

## वीएचएनडी सेशन का डी.एम. ने किया निरीक्षण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-तहसील दिवस तहसील जलेसर को जाते समय जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल द्वारा सीएचसी अवागढ क्षेत्र की पीएचसी पोणडरी व ग्राम खुशरई पर वीएचएनडी सेशन का अचानक रूककर निरीक्षण किया गया ! जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल द्वारा किऐ आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम की प्रगति पाकर सन्तोष प्रगट किया गया तथा कर्मचारियों को ओर अधिक लगन से कार्य करने की सलाह दी गयी ! इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे !

## धान की सिंचाई करने गये किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना कोतवाली देहात पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत गांव यूसुफपुर उर्फ नगला धनी निवासी विजेंद्र सिंह पुत्र स्वराज सिंह उम्र 50 वर्ष जाति यादव सुबह 03=00 बजे धान के खेत की सिंचाई करने गए थे, जब 12=00 बजे तक घर वापस नहीं आए तो परिजनों ने खेत पर जाकर देखा तो वह मृत अवस्था में मिले हैं। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच जानकारी की गई तो पाया कि मृतक के शरीर पर कोई भी जाहिरा चोट के निशान नहीं है। शव को पोस्टमॉर्टम हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। घटना के सभी पहलुओं की गहराई से छानबीन करते हुए प्राप्त तहरीर के आधार पर प्रकरण में थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर कानून एवं शांति व्यवस्था सामान्य है।

## मिड-डे मील न बनने पर तीनों शिक्षक किए सस्पेंड

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विद्यालय खुलने के बाद एमडीएम ना बनने के मामले में बीएसए ने शिक्षामित्र को छोड़ विद्यालय में तैनात तीनों शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया। प्रावि में प्रधानाचार्य पद को लेकर विवाद चल रहा था। अखबार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। ब्लॉक अलीगंज क्षेत्र के प्रावि बनी इंग्लिश मीडियम में मिड-डे-मील नहीं बन रहा था। इस मामले को लेकर अभिभावकों ने भी कई बार शिकायत की थी। इसके बाद एक दूसरे पर अध्यापक मामले को टालते रहे। बीएसए संजय सिंह ने विद्यालय की सहायक अध्यापक अनुज प्रताप सिंह और शिक्षिका सना तथा शिवानी को सस्पेंड कर दिया। अनुज प्रताप और सना के बीच काफी समय से इंचार्ज का पदभार ग्रहण करने लेकर विवाद चल रहा था। इसी खींचतान में एमडीएम बनना बंद हो गया।

# फिरौती की राशि न मिलने से दोस्तों ने की निर्मम हत्या चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के बाक में फेंके

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



■ 17 घंटा बाद 100फीट नीचे खाई में फेंका शव को पुलिस ने बरामद कर लिया है
■ मृतक के मोबाइल से उसके पिता को फोन लगाकर 10 लाख रूपये की मांगी थी फिरौती, पिता ने थाने पहुंच दर्ज करायी थी रिपोर्ट

सूरजपुर- बिहारपुर - छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश सीमा से लगा विन्ध्यनगर थाना क्षेत्र के जयंत चौकी अंतर्गत सिम्पलेक्स कॉलोनी निवास एक 17 वर्षीय किशोर 17 अगस्त से लापता था। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट जयंत चौकी में दर्ज करायी गयी थी। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने पर पुलिस सरगर्मी के साथ किशोर की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान आज तकरीबन 8 बजे शाम लापता किशोर के शव को म.प्र.व छग सीमावर्ती क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के बाक घाट में एक झरने के समीप खाई से मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। वहीं किशोर की हत्या करने वाले आरोपियों को पुलिस अपने अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जयंत चौकी क्षेत्र के सरसवाह सिम्पलेक्स कॉलोनी निवासी अरमान खान उम्र 17 वर्ष 17 अगस्त से अचानक लापता हो गया। गुमशुदगी की रिपोर्ट पर जयंत चौकी पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर किशोर की तलाश में जुटी हुई थी। जहां शनिवार की देर शाम तकरीबन 8 बजे किशोर का शव म.प्र.व छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित बिहार पुर के बाक के एक झरने के खाई से मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय के मर्चुरी में रखा दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पूरा मामला किशोर को मिली मुआवजे की राशि से जुड़े होने का अनुमान लगाया जा रहा है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार किशोर को करीब 10 लाख रूपये के आस-पास मुआवजे की राशि मिलने की खबर है। जिससे किशोर ने एक नई बाईक सहित कुछ अन्य कीमती सामग्री खरीदा था। जिसे उसके कुछ दोस्तों ने पैसा वाला दोस्त समझ कर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ इधर-उधर घुमाते रहे और अंत में उसकी हत्या कर म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ चांदनी बिहारपुर बाक की सीमा के समीप एक गहरे खाई में फेंक दिया था। जिसके बाद किशोर की तलाश में जुटी पुलिस ने मृतक के दोस्तों को संदेह के तौर पर गिरफ्त में लेते हुए सख्ती के साथ पूछताछ शुरू की। मृतक के दोस्तों ने साथी की हत्या किये जाने की बात कबूल करते हुए शव को 100फीट खाई में फेंके जाने की बात पुलिस को बतायी। जिसके बाद एसपी वीरेन्द्र कुमार सिंह व एएसपी शिव कुमार वर्मा के निर्देश पर पुलिस की एक टीम गठित कर युवक के शव की तलाश के लिए रवाना कर दिया गया। जहां आज शनिवार को देर शाम मृतक का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है। जिन साथियों के द्वारा उसे अपने साथ ले जाया गया था वे तियरा, छत्तीसगढ़ व सरसवाह के बताये जा रहे हैं। वहीं माड़ा पुलिस को डायल 100 के माध्यम से क्षेत्र में एक लावारिश बाइक मिलने की सूचना मिली थी। जहां पुलिस ने मौके से पहुंच बाइक को जप्त करते हुए सुरक्षार्थ थाने में खड़ा कराया है। लेकिन माड़ा पुलिस को बाइक के संबंध में अभी कुछ जानकारी हाथ नहीं लग पायी है। हालांकि सूत्र बता रहे हैं कि संभवतः मामले को लेकर कल सिंगरौली पुलिस खुलासा कर सकती है। तभी इस बात का पता चल पायेगा की आखिर किशोर की हत्या किस वजह से हुई है।

√17 अगस्त को जयंत चौकी क्षेत्र के सिम्पलेक्स कॉलोनी निवासी एक किशोर के गायब होने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद सरगर्मी के साथ किशोर की तलाश पुलिस के द्वारा की जा रही थी। जिसमें कुछ संदेहियों को लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। किशोर के बारे में पता लगाकर पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करेगी।-शिव कुमार वर्मा एएसपी, सिंगरौली



### दोस्तों ने ही किया था अपहरण

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अरमान खान का उसके ही कुछ साथियों ने अपहरण कर लिया था। जिसके बाद उसके साथियों ने अरमान के मोबाइल से उसके पिता को फोन करते हुए 10 लाख रूपये फिरौती की मांग की थी। जिसकी रिपोर्ट उसके पिता ने जयंत चौकी में दर्ज करायी थी। जिसके बाद जयंत चौकी पुलिस ने फोन कॉल के डिटेल निकलवाते हुए उसके दोस्तों को संदेह के तौर पर गिरफ्त में लिया था। जहां पूछताछ में पता चला की अभी हाल ही में मृतक के परिवार को करीब 10 लाख रूपये का मुआवजा मिला था। जिसकी लालच में आकर उसके मित्रों ने इस पूरी घटना को अंजाम दिया है।

# गाँव मे कई ग्रामीणों का घर का छत खपरैल तूफान में उड़ गए सैकड़ो पेड़ धराशाई हो गए



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बाद सूरजपुर जिले के बिहारपुर चाँदनी क्षेत्र में आंधी तूफान बारिश भारी तबाही मचाई उमझर गाँव मे कई ग्रामीणों का घर का छत खपरैल तूफान में उड़ गए सैकड़ो पेड़ धराशाई हो गए फसल भी बर्बाद हो गए मौसम विभाग का रेड अलर्ट के बाद इस क्षेत्र में तेज आंधी तूफान बारिश ने जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया कई ग्रामीण हताहत हो गए फिलहाल भारी बारिश से वनांचल क्षेत्र के नदी नाले पूरे उफान पर चल रहे है

# नाबालिक ने लगाई फांसी संदेहास्पद मौत

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-बिहारपुर-थाना चांदनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सपहा की 15 वर्षीय नाबालिक कुमारी सुनीता पाल पिता मोतीलाल पाल 20 अगस्त को सुबह लगभग 9=00 बजे घर के पास लगे सौर ऊर्जा प्लांट में रस्सी से फांसी लगाकर संदेहास्पद मौत हो गई मृतक के पिता द्वारा बताया गया 1 दिन पूर्व किसी व्यक्ति के साथ मकई के खेत में बड़ी बहन के द्वारा देखा गया था शायद इसीलिए लोक लाज के डर से आत्महत्या कर ली होगी थाना चांदनी में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर भेजा गया है 21 अगस्त को 3=30 बजे तक महिला डॉक्टर नहीं होने की वजह से 30 घंटे बाद भी पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था परिजन 2 दिन महिला डॉक्टर नहीं होने की वजह से भटकते रहे।

# प्रतापपुर पुलिस ने अंग्रेजी शराब सहित 1 आरोपी को किया गिरफ्तार



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है। शनिवार, 20 अगस्त को थाना प्रभारी प्रतापपुर को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम शांतीनगर में एक व्यक्ति अंग्रेजी शराब लेकर बिक्री करने के लिए घुम रहा है। एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस ने ग्राम शांतीनगर में घेराबंदी कर जय कुमार जायसवाल पिता स्व. शंकठा प्रसाद जायसवाल उम्र 40 वर्ष निवासी करसी थाना प्रतापपुर को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 10 बॉटल बीयर एवं 23 पाव अंग्रेजी शराब कीमत 10650 रूपये का जप्त किया गया। मामले में शराब जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह ध्रुव, प्रधान आरक्षक अनिल कुजूर, भागवत पैंकरा, रामाधीन श्यामले, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह व अरविन्द पाण्डेय सक्रिय रहे।

# नगर पंचायत भटगांव में एक एकड़ भूमि में कृष्ण कुंज का किया गया उद्घाटन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व विधायक भटगांव पारसनाथ राजवाड़े ने कृष्ण कुंज योजना का भटगांव नगर पंचायत में किया शुभारंभ, नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज गुप्ता के अध्यक्षता में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ने कृष्ण कुंज वाटिका में कई प्रजातियों के फलदार व औषधीय वृक्षो का किए रोपण, भटगांव- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में कृष्ण कुंज विकसित किया जाना है। वही नगर पंचायत भटगांव में 20 अगस्त को कृष्ण कुंज का शुभारंभ संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में पूजा अर्चना कर किया गया,,जहा बरगद, पीपल, नीम, आम, गुलर, बेल, आवंला, सीताफल, इमली, गंगा इमली, जामुन और कदंब जैसे सांस्कृतिक महत्व के जीवनोपयोगी वृक्षों का रोपण किया गया,, तत्पश्चात मुख्य अतिथि पारसनाथ राजवाड़े , नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज गुप्ता , डीएफओ संजय यादव, तहसीलदार अमित केरकेट्टा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण उपाध्याय, समेत स्थानीय प्रतिनिधि गण पौधा रोपित किया।